तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज गिर्राज प्रसाद गुर्जर बनाम जिला कलक्टर दौसा अपील संख्याः–जीसीएमएस नम्बर 2023/549	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
29.01.24	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता अपीलान्ट अनुपस्थित, वे पूर्व में भी अनुपस्थित रहे है। प्रकरण में आवाज दिलवाई गई। प्रकरण में पुनः रूक–रूककर कई बार आवाजें दिलवाई गई उसके उपरान्त भी अपीलार्थी की ओर से कोई भी उपस्थित नही है। पत्रावली का अवलोकन किया गया तथा प्रकरण पर मनन किया गया जिससे जाहिर है कि हस्तगत अपील न्यायालय हाजा के समक्ष दिनांक 03.05.2023 को प्रस्तुत की गई है उसके उपरान्त अपीलार्थी की ओर से कोई भी उपस्थित नही हुए है तथा पत्रावली के अवलोकन से यह भी जाहिर है कि अपीलार्थी द्वारा पंचायती राज विभाग के नियम 1996 के अध्याय 12 के अन्तर्गत आरक्षित/अति.पिछड़ा वर्ग से चयन उपरान्त अपीलान्ट का ग्राम विकास अधिकारी के पद पर नियुक्ति/पदस्थापन हेतु हस्तगत अपील प्रस्तुत की गई है जबकि उक्त अपील की सुनवाई का क्षेत्राधिकार न्यायालय हाजा को प्रदत्त ही नही है। ऐसी स्थिति में अपीलार्थी की अपील पर न्यायालय हाजा के स्तर पर अग्रिम कार्यवाही संभव नही है। अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर हस्तगत अपील की सुनवाई का क्षेत्राधिकार न्यायालय हाजा को प्रदत्त नही होने से अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमिल जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। आदेश सुनाया गया। (असलम शेर खान) अति.संभागीय आयुक्त, जयपुर।	